दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग छत्तीसगढ़ में वार्षिक क्रीडोत्सव संपन्न

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में दिनांक 20 दिसंबर 2022, मंगलवार को सुखद वातावरण में खेल – 'जीवन जीने का तरीका' पर आधारित वार्षिक क्रीड़ा उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री एच.एस. बत्रा जी (मेम्बर ऑफ मैनेजिंग कमेटी डीपीएस दुर्ग) व श्रीमती सरित कौर बत्रा थी।

श्री यशपाल शर्मा (प्राचार्य डीपीएस दुर्ग) श्री के.एस.बिष्ट (हेड मास्टर डीपीएस दुर्ग) आर.सी.द्विवेदी (सीनियर मास्टर डीपीएस दुर्ग) एवं विभिन्न कक्षाओं के एकेडमिक कोओरडिनेटर, अध्यापक व स्टॉफ उपस्थित थे। पालक गण व पत्रकार समूह भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा जी ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।

अपने स्वागत वक्तव्य के पश्चात प्राचार्य महोदय ने सत्र 2021-22 में आयोजित शाला की वार्षिक गतिविधियों तथा क्रीड़ा के क्षेत्र में विद्यालय की अद्वितीय उपलब्धियों की जानकारी दी।

इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण कर क्रीड़ा उत्सव के आरंभ की घोषणा की गई। प्राइमरी विभाग के छात्र क्रीड़ा सचिव रिशान बादल एवं छात्रा क्रीड़ा सचिव तिथि जिंदल ने प्रज्वलित मशाल लेकर प्रांगण का चक्कर लगाकर मशाल प्रज्वलित की और साथ ही गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़कर अपने हर्षोल्लास को प्रकट किया। विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने प्राचार्य की अगुवाई में शाला के चारों सदनों के पदाधिकारियों तथा मार्च पास्ट की टुकड़ियों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। सभी सदनों के पदाधिकारियों को खेल भावना से प्रेरित होकर खेलने की विशिष्ट अतिथि ने शपथ दिलाई।

इसके उपरांत प्रांगण में विद्यार्थियों के द्वारा ड्रिल प्रस्तुत किया गया। प्री नर्सरी से कक्षा दो तक के लगभग 459 छात्र छात्राओं ने 'सोअरिंग हाई टुगेदर' विषय पर आधारित व्यायाम प्रस्तुत किया। कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के लगभग 380 छात्र छात्राओं ने 'हारमोनाइजिंग विद नेचर' (प्रकृति के साथ सामंजस्य) विषय पर व्यायाम का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी विंग द्वारा 6 रेस, प्राइमरी विंग द्वारा 12 रेस, जिसमें 50 मीटर, 60 मीटर, बैकरन, शटल रन, स्किपिंग, मिनक्रस कंट्री, मिनी हर्डल्स शामिल हैं। पुरस्कार वितरण में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को मेडल, ट्राफी और प्रमाण पत्र विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य महोदय द्वारा प्रदान किए गए।

प्री-प्रायमरी विंग से श्रेष्ठ एथलीट	छात्र – दिव्यम द्विवेदी (कक्षा-पहली) शिवालिक हाउस
	छात्रा – रिफत नाज़ (कक्षा-पहली) शिवालिक हाउस
प्रायमरी विंग से श्रेष्ठ एथलीट	छात्र – नीरज साहू (कक्षा-दूसरी) नीलगिरी हाउस
	छात्रा – सोनाकक्षी यादव (कक्षा-दूसरी) अरावली हाउस
कक्षा चौथीं एवं पाँचवीं	छात्र – हार्दिक गोदवानी (कक्षा-पाँचवी) शिवालिक हाउस
	छात्रा – आराध्या सिंह (कक्षा-चौथीं) अरावली हाउस

समापन समारोह में खेल छात्र सचिवों द्वारा स्लो मार्च के पश्चात् वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के समापन की घोषणा कर खेल ध्वज, प्राचार्य महोदय को सौंपा गया। बीटिंग ऑफ द रिट्रीट के साथ ज्योति को शांत किया गया।

कार्यक्रम का समन्वयन और संचालन सुश्री जोहरा हुसैन, इंचार्ज एक्टिविटीज, मिडिल और सीनियर विंग द्वारा किया गया और फील्ड डिस्प्ले के एंकर, छात्र-सारंग सुशांत पंडित व छात्रा-याना अनवर कुरैशी थी। धन्यवाद ज्ञापन श्री गगन इंदर सिंह विर्दी ने दिया। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।